न्यूज फटाफट

27 मकान बनाए मिनी कंटेनमेंट जोन

हमीरपुर। कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने के बाद हमीरपुर उपमंडल की विभिन्न पंचायतों और नगर परिषद हमीरपुर के कुल 27 मकानों को मिनी कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। एसडीएम डॉ. चिरंजी लाल चौहान के आदेशानुसार नगर परिषद हमीरपुर के वार्ड नंबर-1 और वार्ड नंबर-10 रामनगर, ग्राम पंचायत उहल के वार्ड नंबर-5 गांव परनाली, बस्सी झनियारा पंचायत के वार्ड नंबर-2 गांव मोहन, अणु पंचायत के वार्ड-3 गांव अणु कलां, फरनोहल पंचायत के वार्ड-1 गांव घराण, सासन पंचायत के वार्ड-3 और वार्ड-5, देई का नौण पंचायत के गांव झलवाणी और चैकी कनकरी के वार्ड-5 गांव कनकरी में एक-एक मकान मिनी कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। इसी पंचायत नेरी के गांव खग्गल, पंचायत सेर बलौणी के गांव सेर और पंचायत दरोगण पत्ती कोट के गांव कोट में 2-2 मकान मिनी कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए हैं। नाल्टी पंचायत के गांव पटयाहू में 3 मकान, ब्राहलड़ी पंचायत के वार्ड नंबर-3 में 3 मकान, इसी पंचायत वार्ड नंबर-5 में एक मकान, कुठेड़ा पंचायत के वार्ड नंबर-1 में 4 मकान और वार्ड नंबर-2 में एक मकान मिनी कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। एसडीएम ने हमीरपुर उपमंडल की विभिन्न पंचायतों और नगर परिषद हमीरपुर के लगभग 67 मकानों को मिनी कंटेनमेंट जोन से बाहर कर दिया है।

बैंकों में लेन-देन 10 से 2 बजे तक होगा: गुप्ता

बिलासपुर। बिलासपुर के अग्रणी जिला प्रबंधक एके गुप्ता ने बताया कि 6 जून तक हर शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। 1 जून से 6 जून तक राज्य में सभी बैंक शाखाओं के लिए बैंक ग्राहकों के लेन-देन के लिए सोमवार से शुक्रवार तक प्रात: 10 बजे से दोहपर 2 बजे तक का समय होगा। बैंक 4 बजे बंद होंगे। उन्होंने बताया कि सदस्य बैंकों द्वारा शाखाओ, एटीएम, बीसी के साथ और अन्य आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सहज बैंकिंग सेवाएं सुनिश्चित की जाएगी। बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग 6 जून तक बंद रहेगा। बैंक में आने वाले ग्राहकों को उचित सामाजिक दूरी बनाई रखनी होगा और शाखा के साथ-साथ एटीएम में भी हैंड सेनेटाइजर उपलब्ध करवाना होगा। मास्क न पहनने वाले लोगों को कोई भी सेवा प्रदान नहीं की जाएगी। सभी बैंक कर्मचारी अधिकारिक तौर पर बैध बैंक के पहचान पत्र अपने साथ रखेंगे।

युकां जिला अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

कंदरौर। बिलासपुर सदर युवा कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र संधु ने मंगलवार को बेलना ब्राहमणा पंचायत के गांव बलड़ा का दौरा किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बलड़ा गांव के लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि पिछले शनिवार को तूफान के कारण बीपीएल परिवार से संबंधित लोकू राम की पशुशाला क्षतिग्रस्त हो गई। आशीष ने कहा यह परिवार निर्धन है और आजीविका का कोई साधन नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार व राजस्व विभाग से मांग की है कि तुरंत प्रशासन की तरफ से किसी अधिकारी को मौके पर भेजा जाए व पशुशाला की रिपोर्ट तलब की जाए। सरकार और प्रशासन की तरफसे इस परिवार को अभी तक कोई भी फौरी राहत नहीं मिली है। उन्होंने प्रदेश सरकार और प्रशासन से मांग की है कि उक्त परिवार को तुरंत प्रभाव से अर्थिक मदद पहुंचाई जाए। वीरेंद्र संधु ने सरकार और जल शक्ति विभाग से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से बलड़ा गांव को जल की आपूर्ति करवाई जाए। इस मौके पर हरिजन बस्ती लुहनु कनेता के सलाहकार प्रताप सिंह, ब्रिज लाल, मनपरि, नरेश, रितेश भारद्वाज उपस्थित रहे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में भारती प्रथम

नम्होल। राजकीय उच्च पाठशाला घ्याल में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में भारती कक्षा दसवीं की छात्रा ने प्रथम स्थान, तनवी कक्षा दसवीं की दूसरा स्थान तथा हितेश कक्षा छठी के विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ज्योति कक्षा नौवीं, पूर्वी कक्षा आठवीं ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण में वंदना ने प्रथम, ज्योति ने दूसरा तथा हिमांशु शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यापक डीडी सिमर ने की। उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में सचेत किया।

कल बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

बिलासपुर। प्रदेश विद्युत बोर्ड के बिलासपुर उपमंडल नंबर दो के एसडीओ विनोद गुप्ता ने बताया कि बिजली की तारे बदलने के लिए बलोह तथा उसके साथ लगते स्थानों पर 3 जून को प्रात: 9 से 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

जन चेतना कला मंच ने लोगों को किया जागरूक

झंडूत्ता। कोरोना से सावधानी बरतने व कोविड-19 के नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दल जन चेतना कला मंच झंडूत्ता के कलाकार मछेंद्र भारती ने विकास खंड कार्यालय झंडूत्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूत्ता तथा एसडीएम कार्यालय के समीप तथा बाजार में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए बार-बार हाथ धोएं। बार-बार चेहरे को न छुएं और सेनेटाइजर का प्रयोग करें। समाजिक दूरी का पालन करें तथा फेस मास्क को ठीक ढंग से लगाने का लोगों से आग्रह किया ऐसी सावधानियों को बरतते हुए। इस संक्रमण से बचा जा सकता है। बिना वजह अपने घर से न निकलें और कोरोना कर्फ्यू का पूर्ण रूप से पालन करें, कोरोना कर्फ्यू ढील के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और मास्क लगा कर रखें। उन्होंने खांसी, बुखार, जुकाम आदि होने की स्थिति में नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों में तुरंत जांच करवाएं, ताकि प्रारंभिक स्तर पर ही संक्रमण का पता लगाया जा सके और उसका समय पर उपचार संभव हो पाए।

सूक्ष्म शिक्षण पर दो दिवसीय कार्यशाला

भोटा। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में बीएड व डीएलएड के सभी छात्रों के लिए दो दिवसीय सूक्ष्म-शिक्षण पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य वक्ता तीरथ राम शर्मा (चीफ एडिटर हिम अकादमी, हमीरपुर) ने की। उन्होंने छात्रों को एक अच्छे अध्यापक बनने के सदगुणों से अवगत करवाया। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर डॉ. अनामिका शर्मा (प्राचार्य, विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय, नादौन) ने सूक्ष्म-शिक्षण एवं सूक्ष्म-शिक्षण के विभिन्न तत्वों की विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसके पश्चात डॉ. ओम प्रकाश भारद्वाज (प्राचार्य, डीडीएम साई शिक्षा महाविद्यालय, नादौन) ने सूक्ष्म-शिक्षण चक्र और शिक्षण में सूक्ष्म-शिक्षण का कैसे उपयोग किया जाता है? इसके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। दूसरे दिन डॉ. कुलदीप सिंह चंदेल (प्राचार्य, एसवीएन शिक्षा महाविद्यालय, तरक्वाड़ी) ने सूक्ष्म-शिक्षण के कौशलों, श्याम पट्ट, लेखन कौशल, एवं खोजपूर्ण प्रश्न कौशल के विभिन्न तत्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके बाद डॉ. देवेंद्र शर्मा (सहायक आचार्य एमएलएसएम महाविद्यालय, सुंदरनगर) ने सूक्ष्म-शिक्षण के व्याख्या कौशल एवं पुर्नवलन कौशल पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक मनजीत सिंह, अध्यक्षा अरविंद्र कौर रानी, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर ने प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान (निर्देशक कार्यशाला), आशीष कुमार (समन्वयक कार्यशाला) समस्त स्टाफ और बच्चों को सफल कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यशाला में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें **www.himachaldastak.com**
epaper.himachaldastak.com

कोविड-19 से मुक्ति के लिए नड्डा परिवार ने संभाली कमान

बिलासपुर के चारों विस क्षेत्रों के लिए बांटीं कोरोना से बचाव की सामग्री

- **भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बेटे ने किया सामान का वितरण**

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बिलासपुर

विजयपुर स्थित चेतना संस्था कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बिलासपुर जिले में कोरोना महामारी के रोकथाम के प्रयास जारी हैं। अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के परिवार ने कमान संभाल ली है। जेपी नड्डा के पुत्र हरीश नड्डा ने अपने परिवार की परंपरा को निभाते हुए समाजसेवा में अपना पूरा योगदान दे रहे हैं।

सेवा भाव को समर्पित नड्डा परिवार ने पूरे बिलासपुर जिला में कोविड-19 से मुक्ति के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों में कोविड मुक्ति संबोधित सामान प्रदान किया। विजयपुर स्थित नड्डा आवास में आयोजित एक सादे समारोह में कोविड मुक्ति सामान का वितरण समाजसेवी एवं हिमाचल प्रदेश पैराग्लाडिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष हरीश नड्डा ने किया। उन्होंने कहा कि कोरोना मुक्ति सामान का वितरण चेतना संस्था एवं कृष्णा उत्कर्ष संस्थान के बैनर तले आवंटित होगा। इस अवसर पर बिलासपुर जिले के तीनों विधायकों सहित पूर्व विधायक ने यह कोविड मुक्ति सामान प्राप्त किया। इसमें ऑक्सीजन कॉन्स्ट्रेटर्स, मास्क, सेनेटाइजर शामिल हैं। हरीश नड्डा ने कहा कि कोविड मुक्ति अभियान जन सहभागिता से ही संभव है, लिहाजा लोग कोरोना के नियमों का पालन करते हुए इस अभियान में अपना सहयोग दें। उन्होंने बताया कि उनकी माता डॉक्टर मल्लिका नड्डा के दिल्ली में व्यस्त होने के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है, जिसको पूरी तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। डॉक्टर मल्लिका नड्डा ने दिल्ली से वीडियो कॉल के माध्यम से पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली।

भाजपा कार्यकर्ता लोगों की सेवा में लगे: गर्ग

खाद्य आपूर्ति मंत्री राजिंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार कोविड-19 पर नियंत्रण पाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में सराहनीय कार्य किया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुआई में सेवा ही संगठन दो के तहत व उनकी प्रेरणा से पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता कोविड-19 की परिस्थितियों में लोगों की सेवा में लगे हैं। कांग्रेस सहित तमाम विरोधी कोरोना के समय सहयोग करने की अपेक्षा आलोचना करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर विधायक सुभाष ठाकुर, विधायक जेआर कटवाल व पूर्व विधायक रणधीर शर्मा ने चारों विधानसभा क्षेत्रों में कोविड मुक्ति संबंधित सामान प्रदान करने के लिए नड्डा परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार त्रिलोक जम्वाल व जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान मौजूद रहे।

कनेक्शन मिले एक साल बीता, मगर नहीं आया पानी

हमीरपुर। जिला हमीरपुर की पंचायत चमनेड के लोग आज भी पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना कि उनको कनेक्शन लगाए हुए एक वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने पर भी आज तक उनको पीने का पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को दिए गए कनेक्शन की पाइपें लोगों के घरों तक तो पहुंच गई हैं, लेकिन कनेक्शन को मेन पाइप से जोड़ा नहीं गया है। स्थानीय निवासी रवि कुमार का कहना है कि उन्हें लगभग पिछले एक वर्ष से यह समस्या बनी हुई है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस समस्या के बारे में जानकारी दी, लेकिन समस्या का कोई हल नहीं हो सका। उन्होंने मुख्यमंत्री संकल्प सेवा हेल्पलाइन 1100 पर भी इस समस्या के बारे में कई शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन कोई हल नहीं हो सका। लौकी देवी का कहना है कि उनके घर तक पानी का कनेक्शन पहुंच चुका है, लेकिन पानी के कनेक्शन को मुख्य पाइप से नहीं जोड़ा गया है। इस बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री संकल्प सेवा हेल्पलाइन नंबर पर भी कई बार शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी इस समस्या का समाधान किया जाए।

जल्द मांगों को पूरा नहीं किया तो करेंगे चक्का जाम

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

- **टैक्सी ऑपरेटर ने दी चेतावनी**

टैक्सी ऑपरेटर यूनियन सरकार की अनदेखी से नाराज है। हमीरपुर टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के टैक्सी ऑपरेटरों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर गाड़ियां खरीदी हैं, लेकिन प्रदेश सरकार टैक्सी ऑपरेटरों की कोई सुध नहीं ले रही है। हालात ऐसे हैं कि टैक्सियों की किस्तें तक भरना मुश्किल हो गया है। बैंकों से किस्तें भरने के लगातार फोन कॉल आ रहे हैं। अब टैक्सी ऑपरेटरों को अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। टैक्सी ऑपरेटर कृष्ण शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने टैक्सी ऑपरेटरों की सुध लेना ही छोड़ दिया है। कर्फ्यू के बीच टैक्सी सर्विस को बंद रखा गया था, जिस कारण अब परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है। टैक्सी ऑपरेटर राकेश ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष से टैक्सी ऑपरेटर बेरोजगार बैठे हैं, सिर्फ लोकल रूटों पर ही सवारियां मिल रही थी। यही नहीं, कोरोना कर्फ्यू में प्रदेश सरकार ने प्राइवेट टैक्सियों को जरूर आने-जाने की छूट दे रखी थी, लेकिन टैक्सियों पर पूर्णतय: प्रतिबंध लगा दिया था। टैक्सी ऑपरेटरों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि आगामी कैबिनेट की बैठक में उनके लिए पैकेज की घोषणा की जाए, ताकि बेरोजगार हो चुके टैक्सी ऑपरेटरों को कुछ राहत मिल सके।

टैक्सी ऑपरेटरों ने सरकार से टैक्सियों का टैक्स माफ करने, इंश्योरेंस का टाइम दो वर्ष आगे बढ़ाया जाए इत्यादि मांगें हैं। टैक्सी ऑपरेटरों का कहना है कि अगर जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो टैक्सी ऑपरेटर मजबूरन हड़ताल करने या फिर चक्का जाम करने को विवश होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

बुजुर्ग महिला ने बेटे पर लगाए मारपीट के आरोप

- **महिला ने एसपी के समक्ष लगाई न्याय की गुहार**

हमीरपुर। जिला हमीरपुर के झनियारा क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने अपने बेटे पर मारपीट करने के आरोप लगाए है। बुजुर्ग महिला ने मंगलवार को एसपी हमीरपुर को शिकायत पत्र सौंपा है। पीड़ित महिला इसरो देवी ने कहा कि जमीनी विवाद के चलते उसका छोटा बेटा उसे परेशान कर रहा है। बेटा और बहू गाली-गलौज करते है व मारपीट भी कर रहे हैं। महिला ने बताया कि छोटे बेटे ने उसे घर से बाहर निकाल दिया है। इसके बाद वह अपनी मंझली बहू के पास रह रही है। महिला ने बेटे पर उनके अकाउंट से पैसे निकालने का भी आरोप लगाए है। एसपी हमीरपुर कार्तिकियन गोकुल चंद्रन ने कहा कि जमीनी विवाद के चलते मां के साथ बेटे द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला उनके संज्ञान में है और उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने पुलिस कर्मियों को पिलाया जूस

बिलासपुर। बिलासपुर में भाजयुमो की ओर से गर्मी और कोरोनाकाल में निष्ठा से ड्यूटी निभा रहे पुलिस कर्मियों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रौड़ा व डियारा में स्वास्थ्य कर्मियों व उपस्थित लोगों को जूस पिलाया गया। गौर रहे कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 30 मई को केंद्र सरकार के सात वर्ष पूरे करने पर व सेवा ही संगठन अभियान के अंतर्गत नित नए सेवा कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोनाकाल की प्रतिकूल परिस्थितियों में ईमानदारी से ड्यूटी निर्वहन करने के लिए जूस पिलाकर उनका आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री आशीष ढिल्लो, रहे। सदर मंडल भाजयुमो अध्यक्ष विनोद ठाकुर मौजूद रहे।

भरमोटी खुर्द में कोरोना संक्रमण से व्यक्ति की मौत

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन के साथ लगती भरमोटी खुर्द पंचायत में मंगलवार सुबह एक 64 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई। वृद्ध घर पर ही था, लेकिन सुबह ज्यादा तबीयत खराब होने पर नादौन अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद उनका देहांत हो गया। जब व्यक्ति का कोरोना सैंपल लिया गया तो वह संक्रमित पाया गया। इसके बाद कुछ समय के लिए अस्पताल को बंद कर दिया गया और सेनेटाइज करने के बाद दोबारा कामकाज आरंभ हुआ। पंचायत प्रधान निशा कुमारी ने बताया कि पंचायत की ओर से सभी संक्रमित लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाया गया है और समय-समय पर पंचायत को सेनेटाइज भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोविड नियमों के प्रति लोगों को बार-बार जागरूक किया जा रहा है। निशा कुमारी ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से मृत व्यक्ति का कोविड नियमों के तहत अंतिम संस्कार करवा दिया गया है।

एक नोडल युवा क्लब, एक युवा स्वयंसेवी का किया जाएगा चयन

हमीरपुर। जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय हमीरपुर में नोडल क्लब योजना के तहत वर्ष 2021-23 के लिए जिला के हर विकास खंड में एक नोडल युवा क्लब तथा एक युवा स्वयंसेवी का चयन किया जाना है। नोडल युवा क्लब तथा युवा स्वयंसेवी का प्राथमिक दायित्व अपने खंड में युवा संगठनों का विस्तार कर विभागीय गतिविधियों को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाना होगा। इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून 2021 निर्धारित की गई है। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रवि शंकर ठाकुर ने बताया कि जिलेभर में नोडल क्लब योजना के तहत वर्ष 2021-23 के लिए जिला के हर विकास खंड में एक नोडल युवा क्लब तथा जिला मुख्यालय के लिए एक युवा स्वयंसेवी का चयन किया जाना है।

अमरोह में दस लाख की लागत से निर्मित होगी वन विभाग की निरीक्षण कुटीर: अग्निहोत्री

नादौन। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ने सरेड़ी पंचायत के लोअर अमरोह में वन विभाग द्वारा निरीक्षण कुटीर स्थापित किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के निरीक्षण कार्यों में तेजी लाने के लिए इस भवन की बहुत बड़ी उपयोगिता है। सरकार ने इसके निर्माण के लिए दस लाख की राशि जारी कर दी है। विजय अग्निहोत्री ने कहा कि नादौन विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज स्थित अमरोह गांव के आसपास वन परिक्षेत्र का काफी घनत्व है। गर्मियों के दिनों में वन परिक्षेत्रों में बढ़ती आग की घटनाओं के अतिरिक्त वन्य सपदा का रखरखाव और उचित देखभाल के लिए उक्त भवन अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। उक्त मसले को उन्होंने प्रमुखता से प्रदेश सरकार से उठाया था जिसे अब स्वीकृति मिली है। उन्होंने संबंधित विभाग को निरीक्षण कुटीर का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि उक्त भवन के निर्माण से वन्य जीव संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए जा रहे सभी कदमों की मुस्तैदी से निगरानी हो सकेगी। सरेड़ी पंचायत के अमरोह इलाके में वन विभाग के निरीक्षण कुटीर को बनाए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए पंचायत सरेड़ी प्रधान राजकुमार, उप प्रधान अमरनाथ, वार्ड पंच कमलजीत शर्मा, पूर्व प्रधान विद्या प्रकाश, चंदू राम, आशा देवी, ब्रह्म दास, भंडारी राम शर्मा, संजय कुमार, ईश्वर दास आदि ने निगम उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री का आभार प्रकट किया है।

हिमाचल जनकल्याण संकल्प समिति ने निर्धन परिवार की सहायता के लिए दिए 5100 रुपये

नादौन। नादौन के साथ लगती आधवाणी पंचायत के जिजल गांव में कुछ दिन पूर्व एक बुजुर्ग महिला की कोरोना संक्रमण के कारण मौत के बाद निर्धन परिवार की सहायता के लिए समाजसेवक आगे आए हैं। हिमाचल जनकल्याण संकल्प समिति संस्था के सदस्यों ने इस निर्धन परिवार की सहायता के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाएं। संस्था के अध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि इस बुजुर्ग महिला की मौत के बाद परिवार में एक विधवा बहू व उसके दो छोट-छोटे बच्चे ही रह गए थे। इस निर्धन परिवार की सहायता के लिए संस्था की तरफ से 5100 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है तथा परिवार को आश्वासन दिया गया है कि अगर जरूरत पड़ी तो इस अति निर्धन परिवार के आगे भी सहायता की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार, सुनील कुमार, अशोक शर्मा, विनोद कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

न्यूज फटाफट

डीएवी स्कूल भड़ोली में मनाया संस्था का स्थापना दिवस

नादौन। डीएवी भड़ोली स्कूल में डीएवी संस्था का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि 1 जून, 1886 को स्थापित डीएवी संस्था निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी शिक्षण संस्था है। डीएवी संस्था आध्यात्मिक उपदृष्टा स्वामी दयानंद सरस्वती के पावन विचारों से ओत-प्रोत है तथा महात्मा हंसराज, स्वामी विरजानंद आदि कई महात्माओं के त्याग और संस्कारों की झलक देती है। इस संस्था मुख्य उद्देश्य समाज को बौद्धिक, वैचारिक और नैतिक मूल्यों से पुनर्जीवित करना है। डीएवी संस्था बेहतरीन, अध्ययन, अध्यापन और प्रौद्योगिकी का सम्मिलित रूप है। इस अवसर पर बच्चों ने ऑनलाइन गतिविधियों में भाग लिया।

दिव्यांग बच्चों को लगी कोविड वैक्सीन

हमीरपुर। कुठेड़ा हेल्थ सेंटर में दिव्यांग बच्चों को कोविड की वैक्सीन लगवाई गई। डॉ. मलिका नड्डा चेयरपर्सन ऑफ सोशल ओलंपिक भारत के प्रयासों से सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को वैक्सीन के लिए एफएलडब्ल्यू के रूप में प्राथमिकता दी गई। इसके आधार पर हमीरपुर की पहचान संस्था द्वारा 1 जून से दिव्यांग बच्चों को कोविड वैक्सीन लगवाने की शुरुआत की गई।

एम्स बिलासपुर में आज से टीकाकरण की शुरुआत

बिलासपुर। बिलासपुर एम्स के प्रो. डॉ. रूपाली पारलेवार ने बताया कि एम्स बिलासपुर अपने परिसर में कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रहा है। 2 जून को टीकाकरण का पहला सत्र आयोजित किया जाएगा। एम्स बिलासपुर की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारियों के समर्थन से प्रारंभ में टीकाकरण का सत्र सप्ताह में एक बार आयोजित किया जाएगा। यह सत्र प्रत्येक बुधवार को केवल 45 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के योग्य लाभार्थियों के लिए आयोजित होगा। भविष्य में संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार सत्रों की आवृत्ति बढ़ाई जाएगी। एम्स बिलासपुर के विशेषज्ञों द्वारा ई.संजीवनी के माध्यम से टेली कंसल्टेशन सेवाओं को सफलतापूर्वक शुरू करने के बाद यह संस्थान कोविड.19 के खिलाफटीकाकरण के माध्यम से लोगों को सेवाएं प्रदान करेगा।

निर्धन परिवारों को बांटे एक लाख 90 हजार के चेक

झंडूत्ता। सेवा ही संगठन अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र झंडूत्ता के 106 बूथों के हर बूथ दो या दो से अधिक अति निर्धन लोगों को 5-5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति चेक 224 लोगों को 11 लाख 20 हजार रुपये की राशि वितरण अपनी तरफ से किए जा रहे हैं। झंडूत्ता विस क्षेत्र विधायक जीतराम कटवाल ने 38 लोगों को 1 लाख 90 हजार रुपये के 5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति को चेक वितरण भाजपा मंडल कार्यालय झंडूत्ता में किया। पहले 42 लोगों को 2 लाख 10 हजार रुपये के चेक वितरित किए जा चुके हैं। इन निर्धन लोगों का चयन विधानसभा क्षेत्र झंडूत्ता के 106 बूथों के बूथ अध्यक्षों द्वारा किया गया है। विधायक कटवाल ने बताया कि फेस मास्क, सेनेटाइजर का वितरण किया जा रहा है तथा कोरोना से संक्रमित लोगों को होम आइसोलेशन किट का वितरण उनके घर-द्वार पर किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह चंदेल, मीडिया प्रभारी पीआर संख्यान, कार्यालय सचिव हरबंस लाल उपस्थित रहे।

होम आइसोलेशन स्वयं सहायता पुस्तिका उपयोगी सिद्ध

हमीरपुर। प्रदेश सरकार की होम आइसोलेशन स्वयं सहायता पुस्तिका लोगों का मार्गदर्शन करने में उपयोगी सिद्ध हो रही है। हमीरपुर जिले के गांव-गांव तक पहुंच रही यह पुस्तिका लोगों को काफी पसंद आ रही है। गौरंज क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र भियाड़ में इस सहायक पुस्तिका का वितरण सूचना एवं जन संपर्क विभाग के तत्वावधान में सभी लाभार्थियों को किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्नेह शर्मा के माध्यम से यह पुस्तिकाएं लोगों तक वितरित की गई। उन्होंने बताया कि इस पुस्तिका की सारगर्भित जानकारी लोगों के लिए बहुत उपयोगी है। इसमें सरल भाषा में होम आइसोलेशन के नियम एवं निर्देश समझाए गए हैं, जिससे होम आइसोलेशन में चल रहे लोगों की बहुत सी शंकाओं का निवारण हो रहा है। भियाड़ में उपस्थित अंजना, अनुपमा एवं अन्य लाभार्थी महिलाओं ने पुस्तिका के माध्यम से इस तरह की उपयोगी जानकारी जनता तक पहुंचाने के प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की है।

INOX WIND

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

(सीआइएनः L31901HP2009PLC031083)

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल-174303,
जिला उना, हिमाचल प्रदेश, **टेलीफोनः / फैक्सः** 01975-272001
वेबसाइटः www.inoxwind.com, **ई-मेलः** investors.iwl@inoxwind.com

डाक मतपत्र की सूचना एवं मतदान की जानकारी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, किसी भी संशोधन(ओं) सहित, के नियमन 20 व 22 ('नियम') के साथ पठित कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020, परिपत्र संख्या 33/2020 दिनांकित 28 सितम्बर, 2020 एवं परिपत्र संख्या 39/2020 दिनांकित 31 दिसम्बर, 2020 (इसके पश्चात् सामूहिक तौर पर "एमसीए परिपत्रों" के रूप में संदर्भित) तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के साथ पठित सेबी परिपत्रों, समयानुसार किसी भी वैधानिक संशोधन अथवा पुनः अधिनियमन सहित, ("सूचीबद्धता विनियम") के अनुपालन में आईनॉक्स विंड लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों का अनुमोदन, केवल रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से, डाक मतपत्र सूचना दिनांक 26 मई, 2021 ("सूचना") में उल्लिखित निम्नलिखित विशेष प्रस्तावों हेतु निवेदित है। रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम का उपयोग कर सदस्य द्वारा वोट डालने की सुविधा अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") द्वारा प्रदान की जाएगी।

क्रम संख्या	प्रस्ताव का विवरण
1.	कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को "हिमाचल प्रदेश राज्य" से "गुजरात राज्य" में स्थानांतरित करने और कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के खंड II में संशोधन पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी ने सूचना का प्रेषण व्याख्यात्मक विवरण सहित 1 जून, 2021 को ई-मेल द्वारा शुक्रवार, 21 मई, 2021 ("कट-ऑफ तिथि") के अनुसार कम्पनी के इक्विटी शेयर धारक सदस्यों को पूर्ण कर लिया है। वोटिंग अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के नाम पर पंजीकृत इक्विटी शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जाएगी। वह व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है उसे सूचना को जानकारी के तौर पर संसाधित करना चाहिए। एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, इस डाक मतपत्र हेतु सूचना की भौतिक प्रति सहित डाक मतपत्र फॉर्म एवं पूर्व-प्रदत्त व्यावसायिक लिफाफा सदस्यों को नहीं प्रेषित की जाएगी। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से ही होगा।

सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई लिमिटेड; www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड; www.nseindia.com तथा सीडीएसएल; www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी। जिन सदस्यों को डाक मतपत्र सूचना प्राप्त नहीं होता है, वे इसे उपर्युक्त वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं।

सभी योग्य सदस्य ई-वोटिंग सुविधा तथा सदस्यों के ई-मेल पते को पंजीकृत/अद्यतन करने हेतु सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग को निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त अक्षम कर दिया जाएगा:

विवरण	विस्तारण
ई-वोटिंग हेतु लिंक	www.evotingindia.com
संवीक्षक का विवरण	श्री बरिंदर सिंह मौर [आईसीएसआई सदस्यता संख्याः एफसीएस 6544 एवं सीपीः 7041], पार्टनर मैसर्स दयाल एंड मौर, संव्यावसायिक कम्पनी सचिव, नई दिल्ली
सूचना के प्रेषण के पूर्ण होने की तिथि	1 जून 2021
रिमोट ई-वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय	2 जून 2021 प्रातः 9:00 बजे
रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय	1 जुलाई 2021 सायं 5:00 बजे नोटः उपरोक्त तिथि एवं समय के उपरान्त मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी।
परिणाम घोषित होने की तिथि	2 जुलाई 2021 या उसके पहले घोषित परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com पर तथा सीडीएसएल की वेबसाइट पर डाले जाएंगे; एवं बीएसई लिमिटेड, www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, www.nseindia.com को संप्रेषित किए जाएंगे।

मतदान से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत हेतु सदस्य श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, सीडीएसएल, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013, ई-मेलः helpdesk.evoting@cdslindia.com, दूरभाषः 022-23058542 से संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आईनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ताक्षर/-
दीपक बांगा
कम्पनी सचिव

स्थानः नॉएडा
दिनांकः 1 जून, 2021